श्याम तेरा धाम बड़ा प्यारा

श्याम तेरा धाम बड़ा प्यारा
खाटू का नज़ारा मन को भाया रे
श्याम तूने जादू सब पे डारा
इक तेरा ही सहारा मैं भी आया रे
श्याम तेरा धाम बड़ा प्यारा ....

लाल गुलाबी फूलों से तेरा श्रंगार करून मैं
खीर चूरमा और पड़े का भोग लगाऊं तुझे मैं
जय जैकारे तेरे गूंजे खाटू नगरी में जय श्री श्याम रे
श्याम तूने जादू सब पे डारा ....

हार एक सहारा बन जाता है ऐसा बाबा हमारा
सबकी मुरादें पूरी करता है बाबा श्याम हमारा
खाली ना गया कोई श्याम तेरे दर से जो भी आया रे
श्याम तेरा धाम बड़ा प्यारा ....

तीन बाण धारी कहलाते हो सारे जगत में बाबा
करते हो नीले घोड़े की सवारी श्याम हुआ नाम तुम्हारा
शरण में मैं भी तेरी आया अरदास लेके आया तेरे द्वारे रे
श्याम तेरा धाम बड़ा प्यारा ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16820/title/shyam-tera-dhaam-bda-pyaara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |